**सुविचार**
परिस्थितियाँ जितनी ज्यादा आपको तोड़ती हैं.. उससे कहीं ज्यादा आपको मजबूत बना देती हैं..।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom of Speech

संपादक :- नागेश नरवरिया

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 6, अंक-85 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 21 जनवरी 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये



### इश्क़ाल

ओह ।आ गया ?
दहशत फैली हर मुकाम।
भीड़-भाड से दूर,
समझदारी का काम।।
दो गज दूरी, मास्क जरूरी,
लगाओ मास्क लगाम।।
इश्क़।ल में दूर से,
अपनों से करो प्रणाम।।
घवराये नहीं,
सावधानी बरतें अवाम।।
सुरक्षा टीका लगवाएं,
यही समझदारी का काम
ओमोकान दूर भगेगा,
प्रोटोकॉल पालन करो आवाम।।

**-अंशु कवि**
**नारायण अहिरवार**
**होशंगाबाद**

# यूपी चुनावः सीएम योगी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे चंद्रशेखर, गोरखपुर सीट से ही ठोकी ताल

**गोरखपुर।** आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने गुरुवार को इसकी घोषणा की है। बता दें कि गोरखपुर शहर से इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ मैदान में हैं। ऐसे में वर्तमान विधायक डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल का टिकट कट गया है। चंद्रशेखर आजाद ने प्रेस कांफ्रेंस करके एलान किया कि वे यूपी में अकेले दम पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं। छुटमलपुर के पास स्थित गांव घड़कोली के रहने वाले चंद्रशेखर आजाद ने



एलएलबी की पढ़ाई देहरादून से की है। वर्ष 2015 में भीम आर्मी भारत एकता मिशन का गठन किया गया था, जिसके वह संस्थापक हैं। मई 2017 में जब शब्बीरपुर गांव में जातीय हिंसा हुई तो भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरीं थीं। जेल से रिहा होने के बाद चंद्रशेखर ने मिशन जारी रखा और दलितों के खिलाफ होने वाले मामलों में कार्रवाई की मांग उठाते रहे। हाथरस की बिटिया से दरिंदगी के मामले से लेकर राजस्थान और हरियाणा में हुई घटनाओं के विरोध में भी प्रदर्शन किए। इसके अलावा दिल्ली में संत रविदास मंदिर हटाने से रोकने को लेकर भी आंदोलन किया। भीम आर्मी ने दलित समुदाय की शिक्षा को लेकर भी प्रयास किए।



## हांथवास तिगड्डा पिपरिया में माननीय राज्यमंत्री अनुसूचित जाति आयोग सदस्य प्रदीप अहिरवार जी का भव्य स्वागत किया

**पिपरिया।** अहिरवार समाज संघ पिपरिया की ओर से हांथवास तिगड्डा पिपरिया में माननीय राज्यमंत्री अनुसूचित जाति आयोग सदस्य प्रदीप अहिरवार जी का भव्य स्वागत किया जिस में उपस्थित माननीय रामस्वरूप मॉडले संभागीय सचिव ,भागचंद बरगले जी, करोड़ीलाल गोलियां ब्लॉक अध्यक्ष ,राधेश्याम अहिरवार जिला उपाध्यक्ष ,सियाराम ठाकरे, श्याम लाल अहिरवार, और भी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी समाज सेवक उपस्थित रहे।

## क्या अपीली न्यायालय निर्धन व्यक्ति की जाँच करवा सकता है कि वह निर्धन व्यक्ति हैं या नहीं जानिए/CPC....

पिछले लेख में मैंने आपको बताया था कि कोई भी निर्धन व्यक्ति सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 44 के नियम क्रमांक 01 के अंतर्गत निःशुल्क



अर्थात बिना न्यायालय की फीस के अपील दायर कर सकता है अपील करने वाले गरीब व्यक्ति से न्यायालय एक शपथ पत्र भी लेता है क्या न्यायालय उस निर्धन व्यक्ति की जाँच करवा सकता है कि वह सच में गरीब हैं या नहीं जानते हैं आज के लेख में हम। सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 के आदेश क्रमांक 44 का नियम 3 यह कहता है कि निर्धन व्यक्ति को न्यायालय की फीस माफ के साथ निःशुल्क सरकारी वकील भी मिलता है वह अगर ऐसे निर्धन व्यक्ति की जांच करवाना चाहता है तब न्यायालय उस निर्धन व्यक्ति की जाँच करवा सकता है अन्यथा नहीं। सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 के आदेश क्रमांक 44 का नियम 02 कहता है कि अगर जाँच के द्वारा निर्धन व्यक्ति का आवेदन नामंजूर कर दिया जाए अर्थात वह निर्धन नहीं है लेकिन अभी फीस भरने में असमर्थ है तब न्यायालय उसकी अपील को खारिज नहीं करेगा उसे एक समुचित समय दिया जाएगा न्यायालय की फीस भरने के लिए।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)**

### भीख नहीं ,आरक्षण हमारा

संवैधानिक अधिकार है
जितनी हमारी जनसंख्या है
उसके मुताबिक ही स्वीकार है
पदोन्नति में आरक्षण आंदोलन को समर्पित
हम अपने अधिकारों
की लड़ाई जरुर लड़ेंगे
अपने आंखों के सामने
अपने अधिकारों को
छिनने नही देंगे
अपने प्रतिनिधित्व को
खत्म होने नहीं देंगे
छिनने वाले हुक्मरानों को
मुंह तोड जवाब देंगे
आज फिर से उल गुलान
की जरुरत है
सारे शासकीय पदों को
सवर्णो को सौंपना ही
मनुस्मृति की वापसी है
एस सी,एस टी,ओ बी सी
फिर भी करते चापलूसी है
स्वाभिमान को क्यो भुलते हो
शत्रु और मित्र की
पहचान करो
अधिकारों को हासिल करने
अब किसी से मत डरो
पदोन्नति में आरक्षण
के आंदोलन को तेज करो
अभी नहीं तो कभी नहीं
इस बात को साबित करो
आंदोलन करो, आंदोलन करो
पदोन्नति में आरक्षण
भीख नहीं अधिकार है
इसमें समझौता
नही स्वीकार है

**-हरीश पांडल**
**बिलासपुर/छत्तीसगढ**

## अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्यों से शत्रुता रखना या घृणा करना कितना गंभीर अपराध होता है जानिए/SC-ST Act, 1989....।

ऐसी कोई शत्रुता या घृणा उत्पन्न करना जिसके कारण व्यक्ति का मनोबल कमजोर होता है यह सामान्य तौर पर कहे तो यह छोटा-मोटा अपराध होता है। जिसे भारतीय दण्ड संहिता की धारा-95 के अंतर्गत माफ भी किया जा सकता है लेकिन यही अपराध किसी विशेष विधि के अंतर्गत विशेष वर्ग के व्यक्ति के मनोबल को कमजोर करने के लिए किया जाए तो यह गंभीर एवं अजमानतीय अपराध हो सकता है जानिए।

■ **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम,1989 की धारा-3(1)(प) की परिभाषा–?** अगर कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति का सदस्य नहीं है वह इन जाति वर्ग के व्यक्ति के साथ शत्रुता का व्यवहार करेगा(रखेगा),घृणा करेगा(रखेगा),भेदभाव की भावना करेगा(रखेगा) या लिखित, मौखिक शब्दों, वीडियो, चित्रलेखन द्वारा व्यक्तियों का मनोबल घटाएगा ऐसा करने वाले व्यक्ति धारा 3(1)(प) के अंतर्गत दोषी होगा।



■ **अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम,1989 की धारा 3(1)(प) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान?–** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं। इनकी सुनवाई का अधिकार क्षेत्र जिला विशेष न्यायालय करता है। सजा - इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

■ **पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा राहत सहायता राशि;–** अनुसूचित जाति और जनजाति(अत्याचार निवारण) नियम,1995 नियम 12(4) के अनुसार इस अपराध के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति को राज्य शासन द्वारा एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता(संदाय) दी जाती है। यह राशि जिला कलेक्टर या स्ष्ठरूया जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्यालय द्वारा स्वीकृत होती है।

■ **लेखक**
**बी.आर.अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद)**
**9827737665**

# अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन, भारत की म.प्र. धर्माचार्य जी ने जगाई अलख

**रायसेन।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सेवादार श्रद्धेय श्री अतरसिंह भारतीय के ग्रह जिले रायसेन में दिनांक 19 जनवरी 2022 को कस्बा खरगौन तहसील बरेली जिला रायसेन मध्यप्रदेश में सेवादार श्रद्धेय नेतराम अहिरवार के निज निवास पर अपरान्ह 12ः30 से 03ः00 बजे तक पूज्य संत श्रद्धेय गुरु जी शिवकुमार मंडला वालों के सानिध्य में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी, आरती और अरदास का कार्यक्रम अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश धर्माचार्य, प्रचारक, सु - मधुर संगीतमय वक्ता, गुरुवाणी के प्रकांड विद्वान परम पूज्य संत श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से आयोजित किया गया। परम पूज्य शास्त्री जी महाराज ने




अखिल भारतीय रविदासिया धर्म एवं अमृतवाणी का प्रचार करते हुए समाज को संबोधित कर उच्चारित किया कि सर्व समाज को सद्भाव बनाकर रहना चाहिए और सदगुरु रविदास जी महाराज के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने प्रेरणा दी कि मनुष्य को मन चंगा तो कठौती में गंगा के सिद्धांत पर बेगमपुरा की स्थापना कर जीवन व्यतीत करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूजनीय संत श्री गणेशदास जी के सहयोग से पूजनीय संत श्री मोहनदास जी (गुरुद्वारा गुप्ति) एवं क्षेत्र के कई गांवों से सैंकड़ों गुरु प्रेमी महिलाओं,



पुरुषों और बच्चों की उपस्थिति रही। तत पश्चात रात्रि में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज गुरुद्वारा ग्राम गुप्ति (हमीरपुर) तहसील सिलवानी जिला रायसेन, मध्यप्रदेश में भी अमृतवाणी, आरती और अरदास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत सचिव श्री राजाराम अहिरवार, उमेश कुमार, राकेश राठौरिया, शिब्बू लाल, शिवनारायण, मदनलाल, फूलसिंह आदिवासी और माताओं बहिनों ने उपस्थित होकर गुरुवाणी का श्रवण पान किया। अंत में प्रदेश के उपाध्यक्ष सेवादार अतरसिंह भारतीय ने संतों, अतिथियों और जनता जनार्दन का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को संपन्न कराया।



# शहर में बढ़ रहा संक्रमण लेकिन सब्जी मंडी में बिना मास्क के पहुंच रही भीड़



**गंजबासौदा।** शहर में रोज कोरोना संक्रमण के मरीज बढ़ते ही जा रहे हैं लेकिन लोगों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। सब्जी मंडी में रोज सुबह हजारों लोगों की भीड़ जमा होती है जिनमें कई लोग बिना मास्क लगाए सब्जी बेचते हैं और ग्राहक भी बिना मास्क लगाए सब्जी खरीदते हैं। गुरुवार को भी कई लोग बिना मास्क लगाए सब्जी मंडी में सब्जी लेते और बेचते हुए दिखाई दिए। वहीं प्रशासन द्वारा रोज जय स्तंभी चौक पर बिना मास्क लगाए वाहन चालाकों पर कार्रवाई की जाती है लेकिन सब्जी मंडी में हजारों लोगों की भीड़ पर भी कार्रवाई नहीं की जाती है। 1 जनवरी को कोरोना संक्रमण के मरीज मिलने शुरु हुए थे वहीं 20 दिनों के अंदर ही शहर में अब मरीजों की संख्या पौने तीन सौ पहुंच गई है। गुरुवार को ही 36 नए मरीज मिले। प्रशासन द्वारा भीड़ के कारण इस बार का रामलीला मेला निरस्त कर दिया गया था। लेकिन सब्जी मंडी में रोज लोगों की भीड़ लग रही है जिस पर कार्रवाई नहीं की जा रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रोज मरीजों को फोन लगाकर उनकी तबीयत के बारे में पूछा जा रहा है लेकिन कई लोगों ने संक्रमित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में गलत नंबर दर्ज कराए हैं जिससे कि फोन नहीं लग पा रहे। वहीं कुछ लोग संक्रमित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे। और अधिकारियों द्वारा रोके टोके जाने पर गलत तरीके से बात कर रहे हैं। इस संबंध में बीएमओ डॉ प्रमोद दीवान ने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोज मरीजों को फोन कॉल्स किए जाते हैं।

## टेम बांध के डूब क्षेत्र में आ रहे 600 परिवार, पुनर्वास के नहीं इंतजाम

**विदिशा।** विदिशा जिले के लटेरी क्षेत्र से गुजरने वाली टेम नदी पर बन रहे बांध में जिले के पांच गांव डूब में आ रहे हैं, इनमें दो गांव पूर्ण डूब में हैं लेकिन जल संसाधन विभाग द्वारा अब तक पुनर्वास के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। इन गांवों के लोगों को अब तक मकान, कुएं, पेड़ आदि का मुआवजा नहीं मिल पाया है। विभाग सर्वे पूर्ण होने और मुआवजे के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कह रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को इसी टेम बांध और सुठालिया बांध में प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देने की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पिछ्ले माह तीन दिसम्बर को लटेरी तहसील के डूब प्रभावित ग्राम बैरागढ़ और मुंडेला पहुंचे थे। यहां उन्होंने डूब प्रभावित लोगों से चर्चा की थी। ग्रामीणों ने बताया था कि उन्हें जमीन अधिग्रहित होने के बाद मुआवजा राशि नही मिल पाई है। किसी ने राशि कम मिलने तो किसी ने मकान, कुएं का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की थी।

## दमोह में लोकायुक्त की टीम ने तहसील के बाबू को 1500 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा

**दमोह।** जिले की जबेरा तहसील अंतर्गत उप तहसील बनवार में पदस्थ लिपिक को एक किसान से जमीन के बैनामा आदेश की काफी देने के एवज में 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा शुक्रवार की दोपहर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जिले की जबेरा तहसील के उप तहसील बनवार में जो कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को लगाई जाती है। इसी तारतम्य शुक्रवार को दोपहर में जब प्रतिदिन की भांति काम काज चल रहा था उसी समय अचानक सागर की




लोकायुक्त टीम द्वारा किसान सोनू सेन से लिपिक विनोद दुबे को 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। बताया गया है कि ग्राम रोड तहसील जबेरा निवासी सोनू पुत्र कन्हैया लाल सेन 32 वर्ष द्वारा अपनी जमीन का बैनामा आदेश पास कराया था। उसकी कापी प्राप्त करने के लिए उप तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक विनोद दुबे 49 वर्ष निवासी दमोह द्वारा 15 सौ रुपये की मांग की गई थी। इस राशि को आज सोनू द्वारा दोपहर में दिए जाते समय लोकायुक्त सागर की टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई में सागर लोकायुक्त में पदस्थ निरीक्षक रोशनी जैन, अभिषेक वर्मा आदि शामिल रहे।

### षड्यंत्र है जातिवाद ??



*जातिवाद बनाने का*
*षड्यंत्र है लड़ाने का*
*बडे बड़े बलशालियों को*
*युद्ध मे हराने का ?*
*जातिवाद बनाने का*
*षड्यंत्र है लड़ाने का।*
*क्या मजाल था कि*
*मुट्ठी भर लोग*
*शासक बन जाते ?*
*क्या मजबूरी है कि*
*बहुसंख्यक समाज*
*याचक बन जाते ?*
*अचुक शस्त्र बनाया गया*
*जातिवाद की प्रथा*
*चलाया गया ।*
*असर कर गया उनका*
*अमोध अस्त्र।*
*दुर्बल लोग*
*सबल को धुल चटाने का*
*षड्यंत्र है लड़ाने का*
*जातिवाद बनाने का*
*हम पर वे अन्याय*
*कर रहे हैं ,*
*फिर भी हम उनके पैर*
*पड़ रहे हैं,*
*ऐसी प्रथा वे हम पर*
*मढ दिये*
*काल्पनिक चरित्रों के किस्से*
*गढ़ दिये*
*करवाया प्रारंभ हमसे*
*पत्थरो को पुजवाने का*
*षड्यंत्र है लड़ाने का*
*जातिवाद बनाने का*
*मानव मानव है एक समान*
*फिर कोई कैसे तुच्छ*
*फिर कोई कैसे उच्च ?*
*सबमे है जान*
*सबको है ज्ञान*
*इस कला का खोज हुआ*
*जातिवाद पर शोध हुआ*
*लोगो को कैसे रखते हैं*
*मुट्ठी में ? इस रहस्य का बोध हुआ*
*फिर सामंतों ने किया प्रारंभ*
*अपने आपको महराज*
*कहाने का*
*जातिवाद बनाने का*
*षड्यंत्र है लड़ाने का ,*

*-हरीश पांडल*
*विचार क्रांति*
*छत्तीसगढ़*

### घट रहे रोजगार क्यों ??

*घट रहे हैं*
*रोजगार क्यों ?*
*बढ रहे हैं*
*भ्रष्टाचार क्यों ?*
*भूल जाते,*
*जनप्रतिनिधि*
*जनता का महा मतदान-*
*आभार क्यों ?भारत में जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा, होती है सरकार... इस परिपाटी का गुम होता जा रहा ऐतबार क्यों? धोती खोलकर,पगड़ी बना,*
*पहनाने का हो रहा व्यवहार क्यों ?*
*जनता के पास*
*गरीबी, लाचारी बदनसीबी,*
*बेकारी है,*
*और...... नेताओं के पास,*
*आलीशान बंगले ,कोठी ऐशो-आराम,*
*बड़ी-बड़ी कारों का जखीरा है तैयार क्यों ?*
*घट रहे हैं*
*रोजगार क्यों ?*
*बढ रहे हैं*
*भ्रष्टाचार क्यों?*
*सुनिये नेता जी,*
*किया गया वादा निभाना होगा,*
*बढ़ती जनसंख्या के आधार पर*
*रोजगार भी बढ़ाना होगा, क्या नेता बनना भी बेरोज़गारी खत्म करने और रोजगार पाने का तरीका हो गया है.....? शर्म नहीं आती, नेता बनते ही बेरोज़गारो को नजरंदाज करना तुम्हारा सलीका हो गया है...? देश के शिक्षित युवा आज हैं निराधार क्यों?*
*घट रहे हैं*
*रोजगार क्यों ? बढ रहे हैं भ्रष्टाचार क्यों ? कैसे करें हम सरकार का आभार ?? जनता के वोटों के दम पर बनती है सरकार ? मगर धन कुबेरों पर मेहरबान होती रहती है सरकार क्यों ? धन का लग रहा वहीं अम्बार क्यों ? कैसे करें हम सरकार का आभार !! मिलता है हमको धोखा बार-बार !! घट रहे हैं रोजगार क्यों ? बढ रहे हैंभ्रष्टाचार क्यों ?*

*-हरीश पांडल*
*विचार क्रांति*
*छत्तीसगढ़*

### अधिकारो की लड़ाई??



अपने अधिकारों को हासिल
करने की लड़ाई
हम सबको किस- किसने
कैसे- कैसे सिखाई
उन सभी महापुरुषों की बातें
मानने मे है भलाई
हमारे अधिकारों की लड़ाई हमे
बुजुर्गों ने सिखाई
हद से गुजरना हो तो
गुजरना पड़ेगा
हक युं ही नहीं मिलता
संगठित होकर
लड़ना पड़ेगा
संगठित होने की राह
महापुरुषों ने बताई
अधिकारों को हासिल
करने की लड़ाई
हम सबको कितने
महापुरुषों ने सिखाई
लोग पुछते है प्रश्न
कौन से अधिकार
कौन सी लड़ाई
तब कहना पड़ता है
अपने इतिहास और संविधान
पढो मेरे भाई
लडना है हमें
संवैधानिक लड़ाई
समानता लाने के लिए
तो संविधान बनाई
संगठित रहने की
सबको हुनर सिखाई
अपने अधिकारों को हासिल
करने की लड़ाई
सभी महापुरुषों
ने ही सिखाई
हम मूलनिवासियों की
इतिहास, संस्कृति को
मिटाने साजिश रचते रहे
वे तरह-तरह के झुठ
पाखंड, करतें रहे
गुलामी की जंजीरों को
रुढीवादी दिवारो को
जातिवाद के मिनारो को
तोडना ही पड़ेगा
अंधश्रद्धा, चमत्कार पाखंड
को छोडना ही पड़ेगा
मूलनिवासियों को एक
होना ही पड़ेगा
सब अलग-अलग हैं
इसलिए है रुसवाई
अपने अधिकारों को हासिल
करने की लड़ाई
सभी महापुरुषों ने सिखाई
कुछ लोग हमारे खिलाफ
अपनों में जहर घोलते है
जात-पात ऊंच-नीच
के नाम पर हमे तोड़ते हैं
साम दाम दण्ड भेद नीति से
हमारे लोग ही
उनकी भाषा बोलते हैं
मूलनिवासियों की खुन
एक-दूसरे के लिए
ही खौलते है
हम आपस में लडते रहे
जात-पात पर बंटते रहे
यही तो सवर्णो ने बरसो
से है नीति अपनाई
उनके षडयंत्रो से बचने
हमें बड़े-बुजुर्गों ने
यह राह बताई
शिक्षित बनो
संगठित रहो
संघर्ष करो
मानव-मानव एक समान
हम सब एक हैं
सुनो
बोलो
देखो

जो देख,सुन और बोल नहीं सकता वह अपने आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक नहीं हो सकता।

**-हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की हो रही बरसात।

## विधायक गुलाब कमरों ने एक करोड़ रुपये के अधिक की दी बड़ी सौगात

**कोरिया।** सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार नए साल में विकास कार्यों के लिए धन वर्षा कर रहे हैं। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए एक से बढ़कर एक सौगात दे रहे हैं। विधायक गुलाब कमरों ने विकास कार्यों के एक करोड़ रुपये की अधिक की सौगात दी है। इसी कड़ी में विधायक गुलाब कमरो की अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए एक और 11 लाख 26 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

विधायक गुलाब कमरों की अनुशंसा पर नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड नं 8 में सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, ग्राम पंचायत नागपुर में रामलीला मैदान में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 1 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत सिंघोर में देवल्ला के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 1 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पंचायत बेलिया में स्कूल के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 1 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पंचायत कछार में पंडाल के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण हेतु 1 लाख 46 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो की विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकाय में बहुप्रतीक्षित



विकास कार्यो हेतु की सौगात की बौछार की है। विधायक की सराहनीय पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों की कार्य योजना में विकास कार्य हेतु 75 लाख 41 हजार की राशि प्रदान की है। जिसमें वार्ड न 3-फूलचंद के घर से रुबीना घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-2 लाख 77 हजार, वार्ड नं 11-जगदीश सरकार घर से राकेश घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-3 लाख 2 हजार, वार्ड नं 5-पोस्ट आफिस पास छेदी विश्वकर्मा के घर से टूक टुक दादा के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-2 लाख 56 हजार, वार्ड नं 14-छट घाट से कृपाशंकर घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य - 2 लाख 47 हजार, वार्ड नं 4-केदार घर पास से प्रेमचंद घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-2 लाख 69 हजार, वार्ड नं 7-पंचराम घर से गणेश प्रसाद घर तक आरसीसी नाली निर्माण-2 लाख 53 हजार, वार्ड 6-गेंदलाल,शहाबुद्दीन घर से आंगनबाड़ी तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-2 लाख 40 हजार, वार्ड नं 1-सुरजबली घर से आदिवासी विद्या मंदिर सामने तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-2 लाख 94 हजार, वार्ड नं 15-छट घाट से नाला तक नाला निर्माण कार्य-5 लाख 17 हजार, वार्ड नं 2-झिरिया के पास से शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य-5 लाख 69 हजार, वार्ड नं 4, 8 ,9, 10 में आंगनबाड़ी से भैसासुर डेम तक असरसीसी नाला निर्माण कार्य-16 लाख 97 हजार, वार्ड नं 13-मुनेंद्र घर से सन्तोष के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-5 लाख 58 हजार, कानू बाबू के घर के सामने से संत सिंह घर के पीछे तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य-10 लाख 34 हजार, वार्ड नं 9-10-सुदामा चौधरी के घर से सत्यनारायण घर तक,दीपक नामदेव के घर से राबीम कुशवाहा घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-5 लाख 18 हजार, वार्ड नं 2-एसएलआरएम सेंटर मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य-5 लाख 10 हजार रुपये के कार्य कराये जायेंगे। विधायक की अनुशंसा पर विकास योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में 18 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है जिसमें ग्राम पंचायत बड़वार-ग्राम देवगढ़खोह के बैगा बस्ती में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत कुवारी-गौटियापारा में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत रामगढ़-बहेराटोला में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत धोबाताल-हनुमान मंदिर के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत खिरकी-पंडाल पास सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत घघरा-बस्ती में चबूतरा निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत चिडौला-दुरपता मंदिर के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत मसर्रा-दक्षिणपारा में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत मैनपुर-करवा में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत जोलगी-ज्वालामुखी के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत तोजा-आरा में सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत कंजिया-गांधी तिराहा के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार रुपये के कार्य शामिल है।

**कलेक्टर ने जिला अधिकारियों के साथ की परिचय बैठक**

# नई रणनीति के साथ स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ बनाने की मंशा, राजस्व प्रकरणों में जल्द निराकरण से आम जनता को सहूलियत देने और शासन की फ्लैगशिप योजनाओ के बेहतर संचालन और आमजन तक शतप्रतिशत लाभ पहुंचाने पर रहेगा फोकस - नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा





**कोरिया।** नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक कर सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभागों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अंतर्गत सभी विभाग एक टीम की तरह काम करें जिससे जिले के बेहतर विकास की परिकल्पना साकार हो सके। उन्होंने जिले के विकास के प्रति अपना विज़न रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं, वैक्सीनेशन, शासन की फ्लैगशिप योजनाओं, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, बेहतर शिक्षा के विषयों पर चर्चा की। धान खरीदी की ली जानकारी, धान खरीदी के शेष दिनों में खरीदी की व्यवस्थित कार्ययोजना के तहत काम करने के निर्देश - कलेक्टर ने खाद्य, सहकारिता, एवं जिला विपणन अधिकारी को समन्वय करते हुए धान खरीदी के लिए व्यवस्थित कार्ययोजना के तहत काम करने के निर्देश दिए जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी ना हो। साथ ही धान खरीदी के अंतिम समय मे बिचौलियों के सक्रिय होने पर अवैध धान परिवहन पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए।

**जिला चिकित्सालय का जल्द करेंगे निरीक्षण, कोरोना संक्रमित की पहचान होते ही दवाइयां उपलब्ध कराएं** - कलेक्टर शर्मा ने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या कराने की प्राथमिकता ज़ाहिर करते हुए जल्द ही जिला चिकित्सालय के निरीक्षण की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय, कोविड हॉस्पिटल एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध चिकित्सा उपकरण भली-भांति संचालित रहें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा से जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ज़रूरी दवाइयों की उपलब्धता और कोरोना संक्रमित व्यक्ति तक शीघ्र दवा पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के वैक्सीनेशन हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला व बाल विकास विभाग को समन्वय कर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायतों में वाहन चिन्हांकित करने के निर्देश, आपात स्थिति में एम्बुलेंस की तरह करेंगे काम** - नवपदस्थ कलेक्टर ने पहले ही दिन से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत में वाहन चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। ये वाहन प्रसव या आपात स्थिति में एम्बुलेंस की तरह काम करते हुए मरीज को चिकित्सालय या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाएंगे। कलेक्टर ने सीएमएचओ को यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत बच्चों को एल्बेंडाजोल, आयरन सिरप और अण्डा वितरण सुनिश्चित करें, नोडल सहित एसडीएम, तहसीलदारों को भी आंगनबाड़ियों के रैंडम चेकिंग के निर्देश - कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान एवं कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ियों के माध्यम से बच्चों को एल्बेंडाजोल और आयरन सिरप सहित अण्डा वितरण सुनिश्चित करें। इससे कुपोषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में गंभीर कुपोषित बच्चो को अनिवार्य रूप से लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बच्चों की सूची बनाकर दिवस निर्धारित करें। और उसके अनुसार बच्चों को लाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी सहयोग और समन्वय के निर्देश दिए।

**स्कूली बच्चों की परीक्षा की तैयारी के लिए 40-डे प्लान बनाने डीईओ को निर्देश** - कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय गुप्ता को आगामी स्कूल परीक्षाओं में बच्चों की तैयारी के लिए 40-डे प्लान बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी स्कूल भवनों में एक रूपता दिखने के लिए भवनों की मरम्मत और एक ही पैटर्न में रंग-रोगन कराने कहा। इसी तरह आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन जैसे शासकीय भवनों में भी एकरूपता की बात कही।

**कन्या आश्रम-छात्रावासों में सुरक्षा में ना हो कोताही, हर 15 दिन में नोडल करेंगे रिपोर्ट** - कलेक्टर श्री शर्मा ने आश्रम-छात्रावासों की सुरक्षा में विशेष व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। वर्तमान में सभी कन्या आश्रम-छात्रावासों में होम गार्ड की नियुक्ति की गई है। उन्होंने निगरानी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को हर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी वास्तविक स्थिति की रिपोर्टिंग करें जिससे किसी तरह की समस्या संज्ञान में आने पर उचित निराकरण समय पर हो सके।

**शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के संचालन और आम जन तक लाभ सुनिश्चित करने नई रणनीति के साथ करेंगे काम** - कलेक्टर श्री शर्मा ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने शासन की नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, स्वामी आत्मानंद स्कूल, धन्वंतरि मेडिकल योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना आदि की प्रगति पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और नई रणनीति बनाकर काम करने के निर्देश दिए जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पहुंचे।

**राजस्व प्रकरण शतप्रतिशत पंजीकृत एवं ऑनलाइन रहें** - कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व प्रकरणों को शतप्रतिशत पंजीकृत एवं ऑनलाइन रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करें जिससे आम जनता को सहूलियत हो और उन्हें बार-बार कार्यालय ना आना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम, श्री अनिल सिदार, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर, सभी एसडीएम-सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शौच के लिए खेत गए व्यक्ति की करंट लगने से मौत



**गैरतगंज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अगरियाकलां में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई है। वह सुबह के समय गांव के बाहर एक खेत में शौच के लिए गया था। जहां खेत की फेसिंग में फैले करंट ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम अगरियाकलां निवासी सुरेश पिता करण सिंह गुर्जर 40 वर्ष गुरुवार की सुबह शौच के लिए गांव से बाहर खेत में गया था। खेत में जाते समय मेड़ पर लगी लोहे के तारों की फेसिंग को पार करते समय उसमें फैला करंट उसे लग गया। बताया जाता है कि उक्त खेत ग्राम के ही जगदीश राठी नामक किसान का है। जो प्रधानमंत्री मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित है। इसके दो माह पूर्व भी इसी खेत में एक मवेशी की भी फेसिंग के करंट की चपेट में आने से मौत हुई थी। मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने डोरी बल्व की मदद से तारों में करंट का परीक्षण भी किया। जिस पर बल्व जलते ही करंट की पुष्टि भी हो गई। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय पुलिस विभाग द्वारा खेतों में करंट नहीं फैलाने की चेतावनी किसानों को दी थी। लगातार हो रहे हादसों के बाद पुलिस महकमा ने आदेश जारी कर आमजनों तक सूचना पहुंचाई थी। बावजूद इसके हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। खेतों में फैले करंट के चलते दो माह में चार हादसे हो चुके है। इस संबंध में एसडीओपी सुनील बरकड़े ने बताया कि जिस खेत में हादसा हुआ वह जगदीश राठी नामक किसान का है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### जंगली जानवरों से बचाने लगाते हैं करंट-

खेतों की तार फेंसिंग में करंट लगाने के पीछे फसलों को जंगली जानवरों से बचाना है। जंगल व पहाड़ों के आसपास के खेतों में रात में जंगली जानवर हिरण, सूअर, नीलगाय इत्यादि फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।

# नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक और बड़ी कार्यवाही

**3 टन अवैध कबाड़ के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार**






**कोरिया।** जिले के मनेन्द्रगढ़ में लम्बे समय से अवैध कबाड़ का धंधा करने वाले आरोपी चुनमुन को पुलिस ने लगभग 3 टन कबाड़ के साथ गिरफ्तार कर लिया है मामले में उसके एक और सहयोगी को भी पकड़ लिया गया है। आपको बता दें कि प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा पुलिस अधीक्षक के पद पर पदभार ग्रहण किए जाने बाद थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सचिन सिंह द्वारा टीम गठित कर थाना मनेन्द्रगढ़ में अवैध कबाड़ से भरे वाहन को जप्त कर थाना मनेन्द्रगढ़ में वैधानिक कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपी रियाजुद्दीन उर्फ चुनमुन पिता सिराजुद्दीन उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ और अनूप शर्मा पिता क्याश शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 4 डोला बिजुरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश के पास से अवैध कबाड़ को जप्त किया गया है। जप्त अवैध कबाड़ का कुल वजन 3 टन लगभग है। उक्त कार्यवाही में थाना मनेन्द्रगढ़ की टीम का सराहनीय योगदान रहा। थाना प्रभारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि थाना क्षेत्र में संचालित अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

**कलेक्टर ने जिला कलेक्ट्रट कार्यालय का किया निरीक्षण**

# महामारी और प्राकृतिक आपदा में अपने परिजनों को खो चुके परिवारों के प्रति संवेदना रखते हुए संपर्क कर सहायता राशि मिलने का सत्यापन करें -कलेक्टर शर्मा




**कोरिया।** कलेक्टर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी कार्यालयों में पहुंचकर विभाग प्रमुख अधिकारियों से बात की और विभाग की गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्थापना कक्ष में पहुंचकर कोविड से मृत की स्थिति में परिजनों को दी जाने वाली कोविड सहायता राशि की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने राजस्व परिपत्र 6.4 के तहत प्रकरणों और निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि महामारी और प्राकृतिक आपदा में अपने परिजनों को खो चुके परिवारों के प्रति संवेदना रखते हुए कोविड सहायता राशि और विगत 6 माह के आरबीसी 6.4 के हितग्राहियों से फोन नंबर पर संपर्क कर राशि मिलने का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। उन्होंने शिकायत शाखा में समय सीमा में लंबित, जनचौपाल, पीएम पोर्टल में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और सभी संबंधितों से प्रकरणों पर प्रगति रिपोर्ट लेने के भी अपर कलेक्टर को निर्देश दिए। ट्रेज़री विभाग में निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्टाम्प पेपर की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी तहसीलों में कम दर वाले स्टाम्प उपलब्ध रहें। इसी तरह निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक आयुक्तए आदिवासी विकास विभाग को 2015 से अब तक के निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### मास्क चेकिंग अभियान जारी रखने के निर्देश-

कलेक्टर शर्मा ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मास्क चेकिंग अभियान जिले में जारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। जिले में लोगों को मास्क पहनने के प्रति जागरूक करते हुए चेकिंग और चालानी कार्यवाही जारी रखें।

# सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. रोहिणी प्रसाद तिवारी का हुआ देहावसान




**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के ग्राम मेंड़ियारास के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रोहिणी प्रसाद तिवारी ने 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर दोपहर 3 बजे अपने निज निवास पर अंतिम सांस ली।आप का जन्म 8 मई सन 1932 को चचाई में हुआ था।और आपने भारत देश की आजादी का वह स्वर्णिम दिवस भी जिया है और आपने शहडोल जिले सहित अनूपपुर जिले की तहसील क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर कठिन परिश्रम करते हुए अपने पूर्ण जीवन काल में एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए जिले के विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से सिंचित किया। सन 1991 में आप सेवानिवृत्त हुए और एक स्वस्थ और व्यवस्थित जीवन शैली के साथ अपने जीवन का आनंद लेते हुए अपने परिजनों व ग्रामवासियों को स्वस्थ और व्यवस्थित जीवनशैली की शिक्षा दे गए।उनके पोते और नवभारत समाचार पत्र के प्रतिनिधि धर्मेंद्र कांत तिवारी ने बताया कि उनका निधन हमारे पूरे परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।उन्होंने अपने जीवन के अंतिम पलों में भी अपने शिक्षक होने का फर्ज निभाया और अपने परिजनों सहित ग्रामवासियों के लिए एक मिसाल बन गए।आपके अंतिम विदाई के वक्त उनके समस्त परिजन की उपस्थित रहे।आज सुबह 11 बजे आपका अंतिम संस्कार किया जाएगा।मृतात्मा को शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि देने वालों में समस्त पत्रकार साथियों में मुख्य रूप सेअरविंद बियानी,मनोज द्विवेदी, चैतन्य मिश्रा,अजीत मिश्रा,मुकेश मिश्रा,अमित शुक्ला,राजेश शुक्ला,रमाकांत शुक्ला, कमलेश मिश्रा, ज्ञानचंद जैसवाल,पवन गौतम,रजनीश गौतम ,विनोद पाण्डेय, राजन कुमार ,आदित्य सिंह ,रामचरण मिश्रा,प्रदीप मिश्रा,रामभुवन गौतम, नीलू रजक,भरत मिश्रा,अखिलेश नामदेव आदि शामिल हैं।

# एक ही परिवार के लोग गैंग बनाकर करते हैं झगड़ा... वार्ड में दबंगई से परेशान वार्ड वासियों ने की एसपी से शिकायत.. उचित कार्रवाई का मिला आश्वासन







**जगदलपुर।** ज्ञात हो कि जगदलपुर के गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 36 श्वेता कॉलोनी रोड के समीप अतिक्रमणकारियों के द्वारा सर्वजनिक सड़क को ही अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया गया था। जिसकी शिकायत वार्ड वासियों ने निगम जगदलपुर में किया था जिससे निगम प्रशासन ने वार्ड वासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए,। सड़क से अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आदेश जारी किया।जिस से बौखलाए अतिक्रमण कारी राजेंद्र व उसके सहयोगियों के द्वारा शिकायतकर्ता को मारपीट कर डराया धमकाया लगातार जारी है। वह शिकायतकर्ता के परिवार के साथ अभद्रता लगातार की जा रही है। उक्त अतिक्रमण कारी राजेंद्र व उसके परिवार के लोगों से स्थानीय वार्ड वासी बेहद परेशान व त्रस्त हैं। अतिक्रमण कारी राजेंद्र के घर की महिलाएं बेहद शातिर किस्म की हैं, शिकायतकर्ता को ही झूठे केस में फंसाने का हुनर में निपुण हैं। और पुलिस भी बिना जांच किए। अतिक्रमणकारियों का ही पक्ष लेती आई है। अतिक्रमण कारी राजेंद्र अपने बेटों वह दामाद से लेकर अन्य आपराधिक प्रवृत्ति वालों को शह देकर वार्ड में आतंक व दबंगई बनाएं रखते हैं। जिससे वार्ड मैं अशांति का माहौल बना हुआ है। आखिरकार वार्ड वासियों ने उचित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक बस्तर के पास समस्त पीड़ितों ने अपनी समस्या व आपबिती बताकर गुहार लगाई तथा कार्रवाई करने के लिए निवेदन किया, मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जांच व उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पुलिस अधीक्षक बस्तर ने वार्ड वासियों को आश्वस्त किया।... अब देखना अब यह है प्रशासनिक राहत वार्ड वासियों को मिलती है या नहीं।

# दो पदों पर रहकर कार्य करने में आ रही दिक्कत जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देंगे फुन्देलाल सिंह मार्को



**अनूपपुर।** 2023 में विधानसभा चुनाव होना सुनिश्चित है इसको देखते हुए फील्ड में ज्यादा समय देने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने का मन मैंने बना लिया है।क्योंकि दो पद होने से अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से मैं नहीं कर पा रहा हूं। उक्त आशय के विचार पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने एक मुलाकात में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव करीब है और वह फील्ड में दौरा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके पास दो दायित्व है जिससे वह विधायक पद पर पूरा समय नहीं दे पा रहे।उन्होंने कांग्रेस के दो गुटों में भोपाल से लेकर अनूपपुर स्टेशन तक हुई झूमा झपटी एवं कोतवाली में हुई रिपोर्ट पर कहा कि मैं बहुत व्यथित हूं निश्चित ही कांग्रेस के अंदर इस तरह के लड़ाई झगड़े शोभा नहीं देती।उन्होंने कहा कि सभी को आपस में बैठाकर इसका समाधान निकाला जाएगा और सब को एकजुट किया जाएगा। पुष्पराजगढ़ विधायक और अनूपपुर जिला कांग्रेश अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि जिले के कांग्रेसियो की सड़क पर लड़ाई से काफी दु:खी और व्यथित हूंमें प्रदेश कांग्रेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी से निवेदन करूँगा की मुझे अनूपपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से मुक्त कर किसी योग्य कार्यकर्ता को इस पद पर नियुक्ति करे। ज्ञातव्य हो कि हाल में कांग्रेस पार्टी की आपसी लड़ाई की चर्चा सोशल मीडिया में रही जिस पर उनको गहरा आघात लगा।उन्होंने कहा कि वह भोपाल में थे लेकिन जानकारी मिलते ही वापस अपने जिले में आ गए।उन्होंने कहा कि जो भी घटना घटित हुई है यह गैर जिम्मेदाराना हरकत है इसे मैं भी पसंद नहीं करता और माननीय प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी भी पसंद नहीं करते।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक बैठक कर इसका समाधान किया जाएगा और एकजुटता बनी रहे यह प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 2023 में माननीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार सत्तारूढ़ होगी।उन्होंने कहा कि वह विधायक बनकर माननीय कमलनाथ जी का हाथ मजबूत करना चाहते हैं इसके लिए अब उनको अपने फील्ड में अपने मतदाता भाइयों बहनों के पास जाने की आवश्यकता है।वह अपना पूरा समय मतदाता भाइयों और बहनों के बीच में गुजारना चाहते हैं जिससे उनकी समस्याओं का समाधान निदान अपने स्तर से अधिकारियों के स्तर से करा सकूं।उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए उनको चुना था लेकिन जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद आने से वह अपना अधिक समय अपने फील्ड पर नहीं दे पा रहे हैं।उन्हें जिले भर का दायित्व निर्वहन करना पड़ रहा है जिसको उन्होंने पूरी तन्मयता के साथ पूरा किया है। लेकिन अब चुनाव की नजदीकी को देखते हुए वह जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से मुक्त होना चाहते हैं और उनकी इच्छा है की एक अच्छे कार्यकर्ता को इस पद का दायित्व सौंप दिया जाए जो भारतीय जनता पार्टी की कथनी करनी को उजागर कर कांग्रेस संगठन को मजबूती दे सके।

**कमलनाथ जी का सदैव आभारी रहूंगा-फुन्देलाल**

पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी पूर्व मुख्यमंत्री का मैं सदैव आभारी रहूंगा जिन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को जिला कांग्रेस अध्यक्ष की बागडोर सौंपी और उनके नेतृत्व में मैंने पूरी तन्मयता के साथ तन मन धन से जिला कांग्रेसका कार्य किया। भय,भूख,भ्रष्टाचार,बेरोजगारी का आलम भाजपा सरकार में जग जाहिर है।उसके खिलाफ तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लड़ाई लड़ा। एवं प्रदेश कांग्रेस से समय-समय पर मिले दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# पुलिस अधीक्षक ने निगरानी बदमाश राजेश ऊर्फ खिड़की का नाम माफी बदमाश से हटाया

## राजेश ने नये पुलिस अधीक्षक को दिया धन्यवाद।




**कोरिया।**पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने जिला आगमन के पश्चात सभी थाना प्रभारियों की मीटिंग ली तथा अवैध क्रियाकलाप पर लगाम कसने के अलावा नये निगरानी बदमाशों की सूची बनाने और पुराने ऐसे बदमाशों की सूची तैयार करने निर्देशित किया था। उसी तारतम्य मे थाना मनेंद्रगढ़ के निगरानी बदमाश राजेश उर्फ खिड़की निवासी बस स्टैंड मनेंद्रगढ़ जिसे 1988 में निगरानी सूची में लाया गया था। उक्त निगरानी बदमाश वर्तमान में 65 वर्ष का है जिसके द्वारा विगत 5 वर्षों से कोई अपराध नहीं किया गया है। थाना मनेंद्रगढ़ द्वारा प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश करने पर उपरोक्त व्यक्ति का नाम गुंडा बदमाश सूची से बाहर किया गया। पुलिस अधीक्षक कोरिया प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा बताया गया कि ऐसे अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर निगरानी गुंडा बदमाश की सूची संधारित की जायेगी।



# संसदीय सचिव विधायक रेखचन्द जैन ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी


(बस्तर ब्यूरो हेड हरेंद्र नाग)

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रोहन गुप्ता जी,की भावनाओं के अनुरूप कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के अध्यक्ष श्री जयवर्धन बिस्सा जी,के द्वारा शहर जिला कांग्रेस कमेटी आई टी सेल के अध्यक्ष आदर्श नायक जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष फैजान खान को नियुक्त किये जाने पर संसदीय सचिव विधायक रेखचन्द जैन ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मोहम्मद फैजल नवी,माज़ लीला राहुल जैन उपस्थित रहे।



# बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी अनुभाग में स्कूल बंद करने का आदेश

## चालू रहेंगी ऑनलाइन क्लासेस, कलेक्टर ने किया आदेश जारी





**कोरिया।** जिले में कोरोना के बढ़ते प्रकोप व संक्रमण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी अनुभाग में स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया गया है। वहीं भरतपुर, सोनहत व केल्हारी अनुभाग में स्कूल खुलेंगे। इस आशय का आदेश बुधवार 19 जनवरी को कलेक्टर कोरिया कुलदीप शर्मा ने जारी किया है। बुधवार 19 जनवरी 2022 को जारी आदेश में उल्लेखित है कि कमांक/396 एस.डब्ल्यू./ 2022 छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) नियंत्रण के संबंध में इस कार्यालय द्वारा धारा 144 दण्ड प्रकिया संहिता 1973 के अधीन आदेश कमांक 61/एस.डब्ल्यू./2022 बैकुण्ठपुर दिनांक 04.01.2022 द्वारा जारी किये गये हैं। वर्तमान में कोरिया जिले के अनुभाग बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी क्षेत्रान्तर्गत (जिसमें समस्त नगरीय निकाय सम्मिलित हैं) कोविड-19 के पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुकम में दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 144 (1), आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक डिसिजेज एक्ट 1897 यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाता है। अनुभाग बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी क्षेत्रान्तर्गत रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक सभी गैर-व्यवसायिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाता है। अनुभाग बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ, खड़गवां, चिरमिरी क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूल, ऑगनबाड़ी केन्द्र, प्ले स्कूल आगामी आदेश पर्यन्त बंद रखा जावे, किन्तु ऑनलाईन क्लासेस जारी रहेंगे। व्यापम एवं पी.एस.सी. छत्तीसगढ़ द्वारा जारी परीक्षाएं अपने निर्धारित तिथि अनुसार संचालित होंगे। कोचिंग संस्थान एवं पुस्तकालय खोला जाना प्रतिबंधित रहेगा, किन्तु ऑनलाईन क्लासेस जारी रह सकेंगे। पूर्व में जारी आदेश की शेष कंडिकाएं यथावत लागू रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

संपादकीय

## आगामी बजट में आयकर को खत्म करने और खर्च पर कर लगाने की घोषणा करे सरकार



**आयकर** की जगह व्यय कर या जायकर लगाया जाए। मतलब उस पैसे पर कर लगाया जाए जो अपनी जेब से बाहर जाता है। आने वाला पैसा करमुक्त हो और जाने वाला करयुक्त हो। खर्च पर यदि टैक्स लगेगा तो लोग फिजूलखर्ची कम करेंगे। भारत का अगला बजट कुछ ही हफ्तों में आने वाला है। वह कैसा हो, इस बारे में कई विशेषज्ञ और प्रभावित लोग अपने सुझाव देने लगे हैं। अब से लगभग 30-35 साल पहले श्री वसंत साठे और मैंने सोचा था कि भारत से आयकर खत्म करने का अभियान चलाया जाए, क्योंकि आयकर की मार से बचने के लिए करदाताओं को काफी भ्रष्टाचार का सहारा लेना पड़ता है और आयकर भरने की प्रक्रिया भी अपने आप में बड़ा सिरदर्द है। अब भी यह जरूरी है कि आयकर की जगह व्यय कर या जायकर लगाया जाए। जायकर मतलब उस पैसे पर कर लगाया जाए जो अपनी जेब से बाहर जाता है। आने वाला पैसा करमुक्त हो और जाने वाला करयुक्त हो। खर्च पर यदि टैक्स लगेगा तो लोग फिजूलखर्ची कम करेंगे। आमदनी में जो पैसा बढ़ेगा, उसे लोग बैंकों में रखेंगे। वह पैसा काम-धंधों में लगेगा। उससे देश में उत्पादन और रोजगार बढ़ेगा। टैक्स का हिसाब देने में जो मगजपच्ची और रिश्वत आदि के खर्च होते हैं, उनसे भी राहत मिलेगी। लगभग साढ़े छह करोड़ लोग, जो हर साल टैक्स भरते हैं, वे सरकार के आभारी होंगे। लाखों सरकारी कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी, जिन्हें कर-गणना करनी पड़ती है या टैक्स-चोरों पर निगरानी रखनी पड़ती है। नौकरीपेशा और दुकानदारों को भी टैक्स बचाने के लिए तरह-तरह के दांव-पेच नहीं करने होंगे। मोटी आमदनी पर टैक्स देने वालों की संख्या लगभग 1.5 करोड़ है। बाकी 5 करोड़ लोगों को बहुत कम या शून्य टैक्स देना होता है। उनके सिर पर फिजूल तलवार लटकी रहती है। ऐसे लोगों में छोटे व्यापारी और वेतनभोगी लोग ही ज्यादा होते हैं। उन्हें वे दांव-पेंच करना भी नहीं आता, जिनसे टैक्स बचाया जाता है। बड़े किसान, नेता लोग और बड़े उद्योगपति टैक्स-चोरी की कला के महापंडित होते हैं। वे अपने करोड़ों-अरबों रुपये फर्जी खातों या विदेशी बैंकों में छिपाए रखते हैं। नोटबंदी इसी भावना से लाई गई थी कि वह इन प्रवृत्तियों को काबू करेगी लेकिन वह विफल हो गई। काला धन बढ़ता ही गया। यदि आयकर की प्रथा समाप्त कर दी जाए तो कोई काला धन पैदा होगा ही नहीं। इस समय दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में व्यक्तिगत आयकर है ही नहीं। इनमें सउदी अरब, यूएई, ओमान, कुवैत, बहरीन और मालदीव-जैसे मुस्लिम देश भी शामिल हैं।

# भाजपा सहित सभी दलों ने यूपी चुनाव में दलितों-पिछड़ों पर लगाया है बड़ा दांव

*सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो घोषणा तक कर दी है कि अब वह किसी बाहरी नेता को पार्टी में एंट्री नहीं देंगे। उधर भाजपा ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन अब उसने भी दलबदलू नेताओं से दूरी बना ली है। बहरहाल, पाला बदलने की दौड़ में कई नेताओं को तो उनकी मंजिल मिल गई, लेकिन इस दौड़ में शामिल सभी नेताओं की किस्मत एक जैसी नहीं रही।*

**नेताओं** के पाला बदलने के खेल में सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी को उठाना पड़ा। कांग्रेस तो करीब-करीब नेताविहीन ही हो गई। कमोवेश बसपा का भी यही हाल है। बसपा के सभी दिग्गज नेता पार्टी से बाहर चले गए हैं। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच पाला बदलने की जो होड़ चली थी, उसकी रफ्तार अब काफी कम हो गई है। चाहे समाजवादी पार्टी हो या फिर भारतीय जनता पार्टी, दोनों ने भी अब बाहरी नेताओं की एंट्री पर रोक लगा दी है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो घोषणा तक कर दी है कि अब वह किसी बाहरी नेता को पार्टी में एंट्री नहीं देंगे। उधर भाजपा ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन अब उसने भी दलबदलू नेताओं से दूरी बना ली है। बहरहाल, पाला बदलने की दौड़ में कई नेताओं को तो उनकी मंजिल मिल गई, लेकिन इस दौड़ में शामिल सभी नेताओं की किस्मत एक जैसी नहीं रही। कई नेता ऐसे भी रहे जिनकी किस्मत ने उनका पूरी तरह से साथ नहीं दिया। इसमें से कुछ वह नेता भी थे, जिन्होंने पाला बदलने का फैसला काफी देरी से लिया, जिस कारण वह हाशिये पर खड़े रह गए। इसीलिए पश्चिमी यूपी में कांग्रेस का बड़ा मुस्लिम चेहरा समझे जाने वाले इमरान मसूद जो लम्बे समय से समाजवादी चोला ओढ़ने को बेताब लग रहे थे, उनके लिए सपा में दरवाजे नहीं खुल पाए और उन्हें बेमन से बहुजन समाज पार्टी में जाने को मजबूर होना पड़ गया। इसी प्रकार भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी समाजवादी पार्टी से समझौता नहीं कर पाए।

वहीं भाजपा के भीतर भी बाहरी नेताओं की एंट्री से पार्टी के पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए पार्टी ने हाथ खड़ा कर लिया है, लेकिन अभी भी इक्का-दुक्का नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई जा रही है। खैर, नेताओं के पाला बदलने के खेल में सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी को उठाना पड़ा। कांग्रेस तो करीब-करीब नेताविहीन ही हो गई। कमोवेश बसपा का भी यही हाल है। बसपा के सभी दिग्गज नेता पार्टी से बाहर चले गए हैं, बस सतीश मिश्र के रूप में एक पुराना और बड़ा चेहरा पार्टी में बाकी रह गया है। सतीश मिश्रा के सहारे ही बसपा ब्राह्मण कार्ड खेलने की कोशिश कर रही है। बसपा की पहली लिस्ट में 53 उम्मीदवारों में से 17 ब्राह्मण और 14 मुस्लिमों के अलावा 09-09 प्रत्याशी दलित और पिछड़ा समाज के हैं। बसपा ने दो जाट और एक यादव को प्रत्याशी बनाया है। बात समाजवादी पार्टी की कि जाए तो अभी तक सपा ने 36 प्रत्याशियों की ही घोषणा की है। इसमें उसने जाट नेताओं को 06, पिछड़ा वर्ग के नेताओं को 04, दलितों को 05, सबसे अधिक मुस्लिमों को 10 एवं अन्य को 11 टिकट दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी जो किसान आंदोलन के चलते काफी मुश्किल में थी उसने जाट नेताओं पर ही सबसे बड़ा दांव लगा दिया है। भाजपा ने 107 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। हाल ही में भाजपा के पिछड़ा और दलित समाज के कई



**भाजपा ने 107 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की है। हाल ही में भाजपा के पिछड़ा और दलित समाज के कई नेताओं ने पार्टी से नाता तोड़ा है।**

नेताओं ने पार्टी से नाता तोड़ा है। इसके अलावा किसान आंदोलन भी उसके लिए बड़ा सिरदर्द था, इसीलिए भाजपा की पहली लिस्ट में जाट उम्मीदवारों की संख्या 17 है और इसके अलावा 02 यादव, पिछड़ा वर्ग के 25, दलित वर्ग के 19 और अगड़ा समाज के 44 नेताओं को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने 125 प्रत्याशियों की घोषणा की है जिसमें 02 जाट, 05 यादव, 28 पिछड़ा, 33 दलित, 20 मुस्लिम व 37 अन्य शामिल हैं। दरअसल, दलबदलुओं ने करीब-करीब सभी सियासी दलों का खेल बिगाड़ दिया है। इसी कारण टिकट बंटवारे में भी अंतिम समय में सभी दलों को काफी उलटफेर करना पड़ा। वैसे दलबदल पहली बार किसी पार्टी की समस्या नहीं बना है। दलबदल के हमाम में सभी राजनैतिक दल 'नंगे' नजर आते हैं। इसीलिए तो दलबदल रोकने के लिए बनाए गए तमाम कानूनों में हमारे नेता छेद पर छेद करने से बाज नहीं आते हैं। जिस भी पार्टी को लगता है कि कोई नेता उसके लिए वोट बटोरू साबित हो सकता है तो वह बिना उसकी विश्वसनीयता जांचे और उसके सियासी अतीत को अनदेखा करके अपनी पार्टी में शामिल कर लेता है, ऐसे नेता उस दल का तो नुकसान करते हैं जिसने उस पर विश्वास किया था, लेकिन इनकी मौकापरस्ती, इनको खूब फलने-फूलने का मौका देती है। आज जो नजारा यूपी में देखने को मिल रहा है, वैसा ही नजारा कुछ समय पूर्व बिहार में भी देखने को मिला था, कुछ नेताओं को जैसे ही लगने लगा कि नीतीश कुमार सरकार की वापसी नहीं होगी और राजद की स्थिति मजबूत है तो सत्ता दल के कई नेता टूट कर राजद में जा मिले थे।

ऐसी ही भगदड़ बंगाल विधानसभा चुनाव में भी देखी गई। तब भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी, इसलिए तृणमूल के कई नेताओं ने पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। जब नतीजे कयासों के विपरीत आए तो यही नेता तमाम बहाने बनाकर तृणमूल कांग्रेस में वापस आने लगे। यही स्थिति अब उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रही है। कांग्रेस और भाजपा छोड़ कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले नेता जैसे कतार लगा कर खड़े हो गए हैं। बहरहाल, बात यदि आज भारतीय जनता पार्टी को झटका देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य और दारा सिंह सहित अन्य नेताओं और कांग्रेस का दामन छोड़कर सपा की जगह बसपा की सदस्यता ग्रहण करने को मजबूर होने वाले इमरान मसूद की हो, तो बीते कल इस जगह पर कोई और खड़ा था और आने वाले कल में यहां कोई और खड़ा नजर आएगा। यह काफी लम्बा सिलसिला है, जो कभी थमने का नाम नहीं लेगा। कमोवेश ऐसे दलबदलू नेता पूरे देश में मिल जाते हैं। नेता तो नेता कभी-कभी तो पूरी की पूरी पार्टी ही चोला बदल लेती है

# मणिपुर विधानसभा चुनावों में इस बार किन मुद्दों पर वोट डालने जा रही है जनता ?

**मणिपुर** विधानसभा चुनावों में इस बार भाजपा और कांग्रेस के बीच काँटे का मुकाबला माना जा रहा है। देखना होगा कि क्या यहां भाजपा की पहली सरकार को एक और बार जनसेवा का मौका मिलता है या सत्ता में कांग्रेस वापसी करती है। मणिपुर के राजनीतिक परिदृश्य की बात करें उससे पहले आपको बता दें कि पिछली जनगणना के अनुसार मणिपुर की साक्षरता दर लगभग 80 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है और पुरुष साक्षरता 86.49 प्रतिशत है। मणिपुर के आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 के अनुसार 15-24 आयु वर्ग में युवा बेरोजगारी 44.4 प्रतिशत है। मणिपुर में हाल में उग्रवादी हमलों के बाद यहां सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बन गया है। वैसे



राज्य विधानसभा चुनाव में बेरोजगारी और विकास मुख्य मुद्दे हैं लेकिन कानून व्यवस्था के अलावा, सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को रद्द करने की लंबे समय से जारी मांग भी प्रमुख मुद्दा है। इसके अलावा राज्य में आर्थिक संकट को लेकर भी कांग्रेस भाजपा पर काफी आक्रामक है। मणिपुर में शायद ही कोई उद्योग है, इसलिए कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा शासन में रोजगार के मोर्चे पर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस के अलावा नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) जैसे छोटे स्थानीय दल अपनी-अपनी मांगों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि भाजपा दो स्थानीय दलों- एनपीपी और एनपीएफ के साथ हाथ मिलाकर सिर्फ 21 सीटों के बावजूद 2017 में सरकार बनाने में कामयाब रही थी। पिछले चुनावों में कांग्रेस को 28 सीटें मिली थीं। भाजपा का कहना है कि वह इस बार के चुनावों में दो-तिहाई सीटें जीतना चाहती है जबकि कांग्रेस भी ऐसी ही चाहत जता रही है। हम आपको बता दें कि राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 27 फरवरी और तीन मार्च को चुनाव होगा। भाजपा की मणिपुर इकाई के उपाध्यक्ष सी. चिदानंद का कहना है कि उनकी पार्टी का उद्देश्य ''60 सदस्यीय सदन में 40 से अधिक सीटें प्राप्त करना है।'

## मुलायम सिंह की बहू अपर्णा यादव बीजेपी में शामिल, कहा- पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित हुई

**दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गईं। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले बीजेपी में शामिल होने के बाद अपर्णा यादव ने कहा, मैं पीएम मोदी के काम की प्रशंसा करती हूं। मैं भाजपा का बहुत आभारी हूं। मेरे लिए देश हमेशा सबसे पहले आता है। पिछले काफी समय से अपर्णा यादव समाजवादी पार्टियों की नीतियों से खुश नहीं रही हैं। अपर्णा यादव ने अतीत में, समाजवादी पार्टी लाइन के विपरीत, एनआरसी, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का समर्थन किया था। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का दान भी दिया। अपर्णा यादव मुलायम सिंह की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे प्रतीक यादव की पत्नी हैं। अपर्णा और प्रतीक ने 2011 में शादी की और उनकी एक बेटी है। 2017 में अपर्णा




ने लखनऊ कैंट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और बीजेपी की रीता बहुगुणा जोशी से हार गई थी। अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट पत्रकार हैं और यूपी के वर्तमान राज्य सूचना आयुक्त हैं। उनकी मां अंबी बिष्ट लखनऊ नगर निगम की अधिकारी हैं। अपर्णा ने मैनचेस्टर विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय संबंधों और राजनीति में स्नातकोत्तर किया। अपर्णा यादव ने समाजवादी पार्टी के रुख के विपरीत राष्ट्रीय नागरिक पंजी का समर्थन किया। उन्होंने धारा 370 को खत्म करने का भी समर्थन किया था।

# ओवरलोड वाहनों पर नहीं रोक, हादसों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन



*बेगमगंज। ग्रामीण क्षेत्र में यात्री वाहनों की संख्या नाम मात्र को होने के कारण लोग जीपों आदि से सफर करने के लिए मजबूर हैं। चार पहिया वाहनों में ओवरलोडिंग को लेकर प्रशासन अभी भी गंभीर नहीं है। शहर सहित ग्रामीण अंचल में दौड़ रही जीपों में ओवरलोडिंग जमकर हो रही है। जबकि सब कुछ जानते हुए भी प्रशासन इन सबसे अंजान बन रहा है।*

मंगलवार को अधिकतर एवं अन्य दिनों में भी बराबर बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग ओवरलोड वाहनों में ही सवार होकर आते हैं और पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड दशहरा मैदान पर ऐसे वाहन आते जाते हुए और खड़े होते हुए सबकी नजर में है प्रशासन भी इससे अछूता नहीं है उसके बावजूद भी इन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। कई इलाकों एवं ग्रामीण इलाकों में हादसों के बाद भी बस व जीपों आदि में में क्षमता से अधिक सवारी भरी देखी जा सकती हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि शहरों में चलने वाले ओवरलोड चार पहिया वाहनों को लेकर प्रशासन कोई सख्त कदम क्यों नहीं उठा रहा है परिवहन विभाग तो कभी इस ओर देखता भी नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाले रास्तों पर जीपें ग्रामीणों से खचाखच भरी नजर आते हैं इसको चेक करने के लिए न तो आरटीओ विभाग ने कोई कदम उठाया और न ही पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई होती नजर आती है। दूसरी ओर यात्रियों का कहना है कि जीप चालक क्षमता से अधिक सवारियां बिठाते हैं । गांव तक बसें नहीं आ पाती इसलिए मजबूरी में इसमें सफर करना पड़ता है। वाहनों में पैर रखने की भी जगह नहीं रहती। ग्रामीण मार्गों पर सबसे ज्यादा ओवरलोडिंग वाहन प्रतिदिन आवागमन करते हुए दौड़ते नजर आते हैं। ओवरलोड यात्री वाहन बेगमगंज से कीरतपुर मार्ग, सुल्तानगंज, हैदरगढ़, मरखेड़ा टप्पा, परड़िया, राहतगढ़ व अन्य स्थानों के लिए प्रतिदिन क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर कहीं पायदान पर लटका पर ले जाते हुए दिखाई देते हैं। यात्रियों के अलावा इन वाहनों पर सामान भी रखा जाता है। कई बार यह हादसे का शिकार हो चुके हैं लेकिन परिवहन विभाग कभी भी इन पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही करने के लिए मैदान में दिखाई नहीं देता जिससे इनके हौसले बुलंद हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है प्रशासन की लापरवाही कभी भी लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। इस और परिवहन विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## बहू से परेशान सास ने लगाई गुहार, बोली- बेटे व पोते को कर दिया दूर

**रायसेन।** ग्राम बनखेड़ी में रहने वाली एक महिला ने आवेदन देकर गुहार लगाई थी कि उसकी बहू ने बेटे और पौते को उनसे दूर कर दिया है। वह उनसे मिलने भी नहीं देती और लड़ाई झगड़ा करती है। दोनों पक्षों को सुनने और समझाइश के बाद परिवारिक विवाद में सुलह हुई। अच्छी बात यह रही कि यह परिवारिक विवाद पहली ही सुनवाई में सुलझ गया। परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में मंगलवार को पारिवारिक विवाद के तीन प्रकरण रखे गए गए।












## संक्रमण बढ़ने के बावजूद लापरवाही बरकरार, दूरी का पालन नहीं

**रायसेन।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद भी लापरवाही बरकरार है। अभी तक बाजारों में दुकानों के सामने ग्राहकों को खड़े होने के लिए तय दूरी पर गोले नहीं बनाए गए। जहां-तहां लोगों की बेतरतीब भीड़ नजर आती है। इतना ही नहीं जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में



राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में कोविड गाइड लाइन के अनुसार शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को 28 नए पॉजिटिव मरीज मिलने के साथ ही कुल मरीज 393 हो गए हैं। आज प्राप्त किए गए कुल सैंपलों की संख्या 1058 है। जबकि आज 414 सैंपलों की जांच की गई। अब तक 17 लोग स्वस्थ हो गए हैं, 306 को घर पर क्वारंटाइन किया गया, तीन का उपचार कोविड केयर सेंटर में किया जा रहा है व दो मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया है। इसके अलावा सात सामान्य मरीजों का इलाज अस्पतालों में किया जा रहा है। अब जिले में विकासखंडवार सिलवानी में 19, बरेली में 24, बेगमगंज में 18, औबेदुल्लागंज में 79, सांची में 37, गैरतगंज में 19, उदयपुरा में 21 और रायसेन शहर में 98 मरीज हो गए हैं। जिले के सभी स्थानों पर बाजार में दुकानों के सामने ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है।






## आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204



## तेंदुए के हमले में विकृत हो गया था युवक का चेहरा, भोपाल में एम्स के डॉक्टरों ने सर्जरी कर संवारा




**भोपाल।** पचमढ़ी के नीमघान जंगल में तेंदुए के हमले से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया था। तेंदुए ने उसके मुंह पर पंजे से जोरदार प्रहार किया था, जिससे उसके चेहरे पर कई जगह गहरी चोट लगी थी। संजू नामक इस युवक को भोपाल के एम्?स में लाकर भर्ती किया गया था। यहां के डाक?टरों ने उसकी प्लास्टिक सर्जरी कर उसका चेहरा फिर से संवार दिया है। मरीज का मुंह नहीं खुल रहा था, इसलिए ब्रांकोस्कोपिक तकनीक से उसकी सांस की नली डाली गई। उसके चेहरे की फ्रैक्चर हुई हड्डियों को मिनी प्लेट्स से जोड़ा गया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिया निर्माण में मजदूरी का काम करने वाले इस युवक पर दिन में तेंदुए ने हमला किया था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स भोपाल रेफर किया गया था। उसकी आंख और नाक के बीच की हड्डियों में कई फ्रैक्चर थे। मरीज जब एम्स पहुंचा था तो उसकी स्थिति बहुत नाजुक थी। खून सांस नली में पहुंचने की वजह से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इमरजेंसी में प्लास्टिक सर्जन डा. राहुल दुबेपूरिया और उनकी टीम ने मरीज का प्रारंभिक इलाज किया। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनाल मोहम्मद खान ने बताया कि चेहरे की हड्डियों के इस तरह के आपरेशन काफी जटिल होते हैं। सही वक्त पर सर्जरी करने से अच्छे नतीजे आते हैं। उन्होंने बताया कि यह आपरेशन करीब छह घंटे चला। इसमें प्लास्टिक सर्जरी विभाग से डा. दीपक कृष्णा एवं उनकी टीम, एनेस्थीसिया विभाग से डा. वैशाली, डा. आशुतोष कौशल शामिल थे। बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने इस केस को चुनौती के तौर पर लिया। सर्जरी के बाद अच्छे नतीजे आए हैं। इस विभाग में चेहरे की जन्मजात विकृति की सर्जरी, कास्मेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की जा रही हैं।




# साउथ सिनेमाः द घोस्ट में सोनल चौहान ने जैकलीन फर्नांडिस को किया रिप्लेस; 26 जनवरी को अला वैकुंठपुरमलो हिंदी में होगी रिलीज



*बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को फिल्म द घोस्ट से रिजेक्ट कर दिया गया है। पहले फिल्म में जैकलीन, नागार्जुन के साथ लीड रोल में नजर आने वाली थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी जगह अब यह ऑफर जन्नत फेम सोनल चौहान को दिया गया है। मेकर्स का मानना है कि फिल्म में नागार्जुन के अपोजिट सोनल एकदम सटीक रहेंगी। सोनल और नागार्जुन की जोड़ी फ्रेश है। सोनल की अच?छी खासी फैन फॉलोइंग भी है। ऐसे में सबका मानना है कि ये केमिस्ट्री खूब जमेगी। साउथ के सुपरस्टार अल?लू अर्जुन की फिल्म पुष्पाः द राइज ने देशभर में खूब अच्छा बिजनस किया है। अब अल्लू के हिंदी फैन्स को फिर से एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। फिल्म अला वैकुंठपुरमलो के मेकर्स ने तय किया है कि वो अल्लू की फिल्म को हिंदी में डब करेंगे और 26 जनवरी 2022 को ही इसे सिनेमाघरों में रिलीज भी करेंगे। त्रिविक्रम श्रीनिवास के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने 2020 में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। साउथ में यह फिल्म सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।*

## मारन में एक्शन अवतार में दिखेंगे धनुष, ओटीटी पर आएगी फिल्म



साउथ के सुपरस्टार धनुष की फिल्म मारन ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म एक बड़े बजट की फिल्म बताई जा रही है। फिल्म के मेकर्स पहले इसे सिनेमाघरों में ही लाना चाहते थे, लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से इस फिल्म को ओटीटी पर लाने का फैसला किया जा रहा है। फिल्म मारन एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में धनुष एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। बता दें वे अपने करियर में पहली बार पत्रकार का किरदार कर रहे हैं।







## सुपरस्टार ममूटी हुए कोरोना पॉजिटिव

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार ममूटी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी को हल्के लक्षण हैं। कुछ दिनों पहले उनको गले में हल्की खराश हुई थी, जिसके बाद उन्होंने टेस्ट करवाया और वो पॉजिटिव निकले। 70 साल के ममूटी को लेकर कहा जा रहा है कि उनकी सेहत अच्छी है। उन्होंने खुद को घर में आइसोलेट कर लिया क्योंकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हैं। ममूटी इस समय फिल्म %सीबीआई 5% कर रहे थे। उनके कोरोना पॉजिटिव आने के बाद फिल्म की शूटिंग को दो हफ्ते के लिए रोक दिया गया है।

## नागा चैतन्य ने की तलाक पर बात

2 अक्टूबर को सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैन्स को यह जानकारी दी थी कि वो दोनों तलाक ले रहे हैं। लेकिन अब तक उनके तलाक की असल वजह नहीं पता चल पाई है। कुछ दिनों पहले नागा चैतन्य ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा, ÷अलग होना ठीक है। यह हम दोनों की अपनी-अपनी खुशी के लिए सही है।

## प्रियंका चोपड़ा बोलीं- मैरीकॉम में मेरी गलत कास्टिंग हुई, वो रोल नॉर्थ ईस्ट के किसी एक्टर को करना चाहिए था




प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में वैनिटी फेयर को दिए एक इंटरव्यू में स्वीकार किया कि उनकी फिल्म मैरीकॉम में नॉर्थ ईस्ट की किसी एक्ट्रेस को ही कास्ट किया जाना चाहिए था। प्रियंका के इस बयान के सामने आने के बाद मणिपुरी एक्ट्रेस लिन लैशराम ने प्रियंका की तरीफ की और कहा-प्रियंका वास्तव में दयालु और बहादुर हैं कि उन्होंने आखिरकार यह स्वीकार कर लिया। 2014 में रिलीज हुई फिल्म मैरीकॉम को बहुत सराहा गया था। लिन लैशवरम ने भी मैरीकॉम के रोल को एक्सेप्ट करने के लिए प्रियंका को फटकार लगाई थी। फिल्म में प्रियंका लीड रोल में जबकि लिन सपोर्टिंग रोल में थीं। पिछले साल लिन ने कहा था कि मैं प्रियंका की कड़ी मेहनत के लिए उनकी प्रशंसा करती हूं, उन्होंने वास्तव में मैरीकॉम की तरह दिखने के लिए बहुत सारे घंटे स्पैंड किए थे लेकिन मुझे हमेशा लगा कि फिल्म में कास्टिंग एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं प्रामाणिकता और समावेशिता में विश्वास करती हूं, इसलिए मणिपुर या उत्तर पूर्व की एक लड़की को निश्चित रूप से हमारा प्रतिनिधित्व करने के लिए कास्ट किया जा सकता था... जब नॉर्थईस्ट से एक उपलब्धि हासिल करने की बात आती है तो एक नॉन नॉर्थईस्ट व्यक्ति को मैरीकॉम में देखा जाता है। दूसरी ओर, क्यों न हम पूर्वोत्तर के लोगों को भी जीवन के सभी क्षेत्रों में सामान्य भारतीय के रूप में शामिल करें, जो हम हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश-पूनम पांडे के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो




सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे को पोर्न वीडियो मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दे दी है। यह मामला शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा से जुड़ा है। जस्टिस विनीत सरन और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने पांडे की उस याचिका पर आदेश जारी किया, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा-÷अपीलकर्ता (पूनम पांडे) के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। नोटिस जारी करें।÷ बेंच के सामने पांडे की ओर से एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सोयब कुरैशी और एडवोकेट संदीप बजाज के साथ एडवोकेट आदित्य चोपड़ा ने दलील रखी थी। पांडे ने पोर्न रैकेट मामले में अग्रिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था इसी केस में शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया था। पूनम की याचिका को बॉम्बे हाईकोर्ट ने 25 नवंबर 2021 को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। यह मामला मधुकर कृष्ण केनी नाम के व्यक्ति ने कुछ वेबसाइट और अश्लील सामग्री वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के खिलाफ की गई शिकायत के बाद सामने आया है।

### पहले से ब्लॉक हो चुके पूनम के वीडियो

पांडेय की याचिका में कहा गया था कि वह इनमें से किसी भी प्लेटफॉर्म की भागीदार या मालिक नहीं हैं, लेकिन उनके खिलाफ शिकायत यह थी कि कुछ ऐसी वेबसाइटों पर उनके कुछ वीडियो उपलब्ध हैं। पांडे ने यह भी कहा कि वह इस मामले की आरोपी नहीं बल्कि पीड़िता थीं। उन्होंने यह भी दावा किया।

## अजीबो-गरीब डिमांडः यूजर को भरने पड़ रहे थे बिजली बिल के 1200 रुपए

### सोनू बोले-कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मुझे बिजली का मीटर लगाना होगा



सोनू सूद लोगों के मसीहा कहे जाते हैं। इसलिए उनके बहुत से फैन मदद मांगने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लेते हैं। सोनू भी जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने में कभी नहीं हिचकिचाते। लेकिन कभी-कभी उनका इनबॉक्स अजीबो-गरीब और अनोखी डिमांड से भर जाता है। हाल ही में एक फैन ने नया बिजली का मीटर की रिक्वेस्ट की। क्योंकि उसके गलत मीटर के कारण बिजली का बिल बढ़ रहा था। इस अजीब डिमांड पर सोनू ने मजेदार जवाब दिया। सोनू को टैग करते हुए ट्विटर यूजर ने लिखा, ÷डियर सर, द्वह्यद्व्ड्ड उपभोक्ता संख्या-001521172637 मेरे बिजली के मीटर में मीटर डिस्प्ले की समस्या है। जिसके कारण मुझे बिल के 1200 रुपये मिल रहे हैं। मैं पिछले 2 महीनों से ऑफिस के चक्कर लगा रहा हूं लेकिन उनके पास मीटर नहीं है मेरा मीटर बदलने के लिए कृपया मदद करें।÷ इस डिमांड का जवाब देते हुए, सोनू ने लिखा, ÷कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मुझे बिजली का मीटर लगाना होगा।÷

### मीटर लगवारकर ही दम लिया

भले ही यह कोरोना काल की सबसे ऐतिहासिक मदद में से एक साबित हो सकती है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मीटर लगवाया। सोनू ने यूजर के साथ अपनी चैट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, आज आपने मुझसे बिजली का नया मीटर भी लगवा लिया। गौरतलब है कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान सोनू ने न केवल प्रवासियों को उनके घर पहुंचाने में मदद की, बल्कि उनकी आर्थिक मदद भी की। यहां तक ??कि उन्होंने देश के अन्य हिस्सों में फंसे लोगों को भी एयरलिफ्ट किया था।

# माइक्रोसॉफ्ट का बड़ा टेकओवरः कैंडीक्रश गेम बनाने वाली कंपनी को 5 लाख करोड़ रुपए में खरीदेगी माइक्रोसॉफ्ट

**वॉशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट ने 'कैंडीक्रश' वीडियो गेम बनाने वाली कंपनी एक्टिविजन ब्लिजार्ड को 68.7 अरब डॉलर (5.14 लाख करोड़ रु.) में खरीदने का फैसला किया है। यह माइक्रोसॉफ्ट के 46 साल के इतिहास का सबसे बड़ा टेकओवर होगा। माइक्रोसॉफ्ट ङ्कड्ढश्व× जैसे पॉपुलर गेमिंग कंसोल का भी ओनर है। एक्टिविजन ब्लिजार्ड के गेम लाइनअप में कॉल ऑफ ड्यूटी, कैंडी क्रश, वॉरक्राफ्ट, डियाब्लो, ओवरवॉच और हार्थस्टोन शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, यह डील मोबाइल, पीसी, कंसोल और क्लाउड पर उसके गेमिंग बिजनेस की ग्रोथ में तेजी लाएगा और मेटावर्स के लिए बिल्डिंग ब्लॉक्स भी प्रोवाइड करेगा। इस डील से माइक्रोसॉफ्ट को एक्टिविजन के लगभग 40 करोड़ मंथली




गेमिंग यूजर्स मिलेंगे। इसके साथ ही दुनिया के कुछ सबसे लोकप्रिय गेम्स पर भी उसका अधिकार होगा। माइक्रोसॉफ्ट और एक्टिविजन के मिलने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में भी इनोवेशन की उम्मीद है। डील के बाद माइक्रोसॉफ्ट राजस्व के मामले में भी चीन की टेंसेंट और सोनी के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गेमिंग कंपनी बन जाएगी। डील के 30 जून 2023 तक क्लोज होने की उम्मीद है। इस सौदे को नेक्स्ट जेनरेशन इंटरनेट यानी मेटावर्स में दबदबा कायम करने की दिशा में माइक्रोसॉफ्ट का बड़ा कदम माना जा रहा है। डील के ऐलान के बाद एक्टिविजन ब्लिजार्ड के शेयर में तेजी देखी जा रही है। मंगलवार को शेयर 26त्न बढ़कर 82.31 डॉलर पर पहुंच गया। डील के तहत, माइक्रोसॉफ्ट 45त्न प्रीमियम पर 95 डॉलर/शेयर के हिसाब से एक्टिविजन को पेमेंट करेगा।

## एक्टिविजन ब्लिजार्ड के CEO बने रहेंगे बॉबी कोटिक

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि डील के बाद भी बॉबी कोटिक एक्टिविजन ब्लिजार्ड के ष्टश्वह्र बने रहेंगे। वह फिल स्पेंसर को रिपोर्ट करेंगे। हाल ही में उन्हें माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का ष्टश्वह्र बनाया गया है। एक्टिविजन ब्लिजार्ड पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और भेदभाव का आरोप लगा था। दावा किया गया था कि कंपनी 'फ्रैट बॉय कल्चर को बढ़ावा देती है। 'फ्रैट बॉय का मतलब महिलाओं को नीचा दिखाना और उनके साथ भेदभाव करना है।

# महंगाई की मारः इस साल 5 से 10त्न तक महंगा हो सकता है आपकी गाड़ी का इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** बीते 2 सालों से मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन इस साल इसमें 5-10त्न तक बढ़ोतरी हो सकती है। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, देश की 25 जनरल इंश्योरेंस कंपनियों ने बीमा नियामक इरडा को थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम में 15-20त्न बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। इंश्योरेंस कंपनियों का तर्क है कि कोरोना के कारण उनको बहुत नुकसान हो रहा है। वाहनों की कम बिक्री और कम चलने की वजह से मोटर इंश्योरेंस का प्रतिशत घटा है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर (रिटेल सेल्स) आदित्य शर्मा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा कि कोरोना की वजह से वाहनों की बिक्री घट गई है। इसके कारण बीते वित्त वर्ष मोटर इंश्योरेंस इंडस्ट्री को 1.7त्न डी-ग्रोथ का सामना करना पड़ा था। हालांकि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर अवधि में मोटर इंश्योरेंस में 3.9त्न की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन कोविड पूर्व की तुलना में यह अब भी 5.1त्न कम है। इसके अलावा, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस क्लेम में भी बढ़ोतरी हुई है। कुछ कंपनियों की सॉल्वेंसी उनकी प्रस्तावित सीमा से ज्यादा हो गई है। इससे भी कंपनियों पर थर्ड पार्टी




इंश?योरेंस का प्रीमियम बढ़ाने का दबाव है। इरडा ने भी इस साल थर्ड पार्टी प्रीमियम बढ़ाने के संकेत दिए हैं। केयर रेटिंग्स के मोटर इंश्योरेंस एक्सपर्ट सौरभ भालेराव कहते हैं, आमतौर पर हर साल मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम में बदलाव किया जाता था, लेकिन पिछले 2 सालों से मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं बढ़ा। इंश्योरेंस कंपनियों की ओर से इरडा पर प्रीमियम बढ़ाने का दबाव है। हालांकि अभी ये तय नहीं है कि प्रीमियम कितना और कब बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2022-23 की शुरुआत से यह बढ़ोतरी हो सकती है।

**इस साल थर्ड पार्टी प्रीमियम बढ़ने की पूरी संभावनाः** पर्सनलसीएफओ डॉट इन के सीईओ सुशील जैन कहते हैं कि इरडा हर साल क्लेम रेश्यो के आधार पर थर्ड पार्टी इंश्योरेंस कवर और प्रीमियम की समीक्षा करता है।

# शेयर बाजारः सेंसेक्स 400 पॉइंट्स गिर कर 60445 पर पहुंचा, टेक कंपनियों के शेयर्स में ज्यादा गिरावट

**मुंबई।** मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 554 पॉइंट्स (0.90त्न) गिर कर 60,754 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 195 अंक (1.07त्न) गिरकर 18,113 पर बंद हुआ था -मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 554 पॉइंट्स (0.90त्न) गिर कर 60,754 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 195 अंक (1.07त्न) गिरकर 18,113 पर बंद हुआ था हफ्ते के तीसरे दिन आज बाजार में गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 400 पॉइंट्स गिर कर 60,345 पर पहुंच गया है। टेक कंपनियों के शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। इंफोसिस और विप्रो का स्टॉक 2-2त्न नीचे हैं।

## ■ 91 अंक बढ़कर खुला था बाजार

सेंसेक्स सुबह 91 अंक बढ़कर 60,845 पर खुला था। पहले घंटे में इसने 60,870 का ऊपरी और 60,442 का निचला स्तर बनाया। इसके 30 शेयर्स में से 8 बढ़त में कारोबार कर रहे हैं जबकि 22 गिरावट में हैं। बढ़ने वाले प्रमुख स्टॉक में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, डॉ. रेड्?डी और रिलायंस इंडस्ट्रीज हैं।

**टेक महिंद्रा और एशियन पेंट्स गिरे:** गिरने वाले प्रमुख शेयर्स में टेक महिंद्रा, विप्रो, इंफोसिस, ICICI बैंक, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, ञ्जष्टस्, ॥ष्टरु टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और कोटक बैंक हैं।




इनके साथ NTPC, ITC, एयरटेल और HDFC बैंक एवं टाइटन में भी गिरावट है। सेंसेक्स के 182 शेयर अपर सर्किट में और 200 लोअर सर्किट में हैं। इसका मतलब यह है कि एक दिन में इनमें एक तय सीमा से ज्यादा की न तो गिरावट हो सकती है न बढ़त हो सकती है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 275.38 लाख करोड़ रुपए है। कल यह 276.44 लाख करोड़ रुपए था। उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76 अंक गिर कर 18,026 पर कारोबार कर रहा है। यह 18,129 पर खुला था। इसका ऊपरी स्तर 18,129 और निचला स्तर 18,010 का है।

## निफ्टी के चार इंडेक्स नीचे

निफ्टी के मिडकैप, बैंकिंग, फाइनेंशियल, और नेक्स्ट 50 इंडेक्स नीचे हैं। इसके 50 स्टॉक में से 19 बढ़त में और 31 गिरावट में कारोबार कर रहे हैं। गिरने वाले प्रमुख शेयर्स में इंफोसिस, विप्रो, HDFC लाइफ, टेक महिंद्रा हैं। बढ़ने वाले शेयर्स में बजाज फाइनेंस, कोल इंडिया, टाटा स्टील और बजाज फिनसर्व हैं। मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 554 पॉइंट्स (0.90त्न) गिर कर 60,754 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 195 अंक (1.07त्न) गिरकर 18,113 पर बंद हुआ।

# ब्रिटेन वाले घर से बेदखल होंगे माल्याः भगोड़े कारोबारी ने नहीं चुकाया 206 करोड़ का लोन



**लंदन।** भारत छोड़कर भागे कारोबारी विजय माल्या को ब्रिटेन में भी झटका लगा है। मंगलवार को वे ब्रिटेन में अपने लग्जरी अपार्टमेंट पर कब्जा बरकरार रखने की कानूनी लड़ाई हार गए। ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने स्विस बैंक यूबीएस से लंबे समय से चल रहे विवाद में उन्हें स्टे देने से इनकार कर दिया। मंगलवार को वर्चुअल सुनवाई में फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट के डिप्टी मास्टर मैथ्यू मार्श ने कहा कि यूबीएस का 206 करोड़ रुपए (20.4 मिलियन जीबीपी) का कर्ज चुकाने के लिए और वक्त देने के लिए कोई आधार नहीं है। लंदन के रीजेंट पार्क में 18/19 कॉर्नवॉल टेरेस स्थित लग्जरी अपार्टमेंट में माल्या की 95 वर्षीय मां ललिता रहती हैं। इसके मालिकों में विजय माल्या, उनके बेटे सिद्धार्थ माल्या और मां ललिता का नाम है। मई 2019 में जज सिमोन बार्कर ने माल्या को 30 अप्रैल 2021 तक लोन चुकाने का समय देते हुए फ्लैट पर कब्जा बरकरार रखने का आदेश दिया था। लेकिन माल्या इस तारीख तक कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे। इस बीच यूबीएस हाई कोर्ट पहुंचा था। अब यूबीएस कर्ज वसूल करने के लिए इस लग्जरी अपार्टमेंट को बेच सकता है। यह केस माल्या की एक कंपनी रोस कैपिटल वेंचर्स के लिए गए कर्ज से जुड़ा हुआ है। विजय माल्या ने ये कर्ज 5 साल के लिए 2012 में लिया था। लोन एक्सपायरी की तारीख 26 मार्च 2017 थी। लेकिन विजय माल्या उस तारीख तक पेमेंट नहीं कर पाया। पिछले साल अक्टूबर में, बैंक को माल्या के खिलाफ रिट ऑफ परमिशन जारी करने की अनुमति मिली थी।

## 2016 में भारत छोड़कर ब्रिटेन भागे माल्या

विजय माल्या पर 17 भारतीय बैंकों का 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है। वह 2 मार्च, 2016 को भारत छोड़कर ब्रिटेन भाग गया था। इसके बाद से भारत सरकार ब्रिटेन से माल्या का प्रत्यर्पण कराने की कोशिश कर रही है। भारत में माल्या की कई संपत्तियां भी जब्त हो चुकी हैं। अब माल्या के हाथ से लंदन का घर भी निकल गया है।

# भारत की पहली इलेक्ट्रिक क्रूजर इस हफ्ते होगी पेशः इसमें सिंगल चार्ज पर 200 किमी रेंज मिलेगी

**नई दिल्ली।** कोमाकी इस हफ्ते भारत में अपनी रेंजर इलेक्ट्रिक क्रूजर को मार्केट में पेश करने वाली है। कंपनी ने रेंजर इलेक्ट्रिक बाइक के बारे में ऑफिशियल जानकारी शेयर की, जिसमें इसके डिजाइन के बारे में बताया गया है। कोमाकी रेंजर ई-क्रूजर भारत की पहली बैटरी से चलने वाली ई-क्रूजर बाइक होगी। इसमें चार किलोवाट का बैटरी पैक होगा, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि यह भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में दिए जाने वाले सबसे बड़े बैटरी पैक में से एक है। कंपनी का दावा है कि उसकी नई इलेक्ट्रिक बाइक सिंगल चार्ज बाइक में 200 किमी से ज्यादा रेंज मिलेगा। इसके अलावा इस क्रूजर इलेक्ट्रिक बाइक में क्रूज कंट्रोल, रिपेअर स्विच, रिवर्स स्विच, ब्लूटूथ और एक एडवांस ब्रेकिंग सिस्टम जैसे फीचर्स होंगे। कोमाकी रेंजर एक खास क्रूजर डिजाइन के साथ आती है।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )